हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–89 : जौनपुर, गुरुवार 01 दिसम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## अखिलेश यादव और शिवपाल यादव की सोच सामंतवादी– उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ ब्यूरो : उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनके चाचा शिवपाल यादव की सोच सामंतवादी है। उन्होंने कहा कि उनका कुनबा पिछडेध्, दलित, शोषित, वंचित और गरीब को आगे बढ़ते देखना पसंद नहीं करता। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि शिवपाल सिंह यादव ने भाजपा प्रत्याशी रघुराज शाक्य के लिए जिस अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया है वह उनकी उनकी सामंतवादी सोच का परिचायक है। मौर्य ने कहा कि शिवपाल और अखिलेश यादव की गालियों का जवाब मैनपुरी की जनता सपा की साइकिल पंचर कर और रघुराज सिंह शाक्य को मैनपुरी का सांसद बनाकर देगी। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को पिछड़ा विरोधी बताते हुए कहा कि वे और उनका परिवार समाजवादी नहीं बल्कि पिछड़ों के विरोधी हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अब बूथ कैप्चरिंग के बल पर



चुनाव जीतने वाले लोगों का जमाना चला गया। जिस तरह से अखिलेश यादव और उनके परिवार के लोगों के द्वारा मैनपुरी में लोगों डरा धमकाकर वोट लेने की कोशिश की जा रही है इसमें वे कभी सफल नहीं होंगे। भाजपा मैनपुरी सहित खतौली व रामपुर में भी भारी बहुमत से विजयी होगी।

## युवक का सिर कूचकर शव बोरे में भरकर नाले में फेंका : युवक के हाथ में लिखे थे ये शब्द

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी के चितईपुर थाना क्षेत्र के करौदी आईटीआई कालेज के पास सड़क किनारे नाली में गुरुवार की सुबह बंद बोरे में भर कर फेंका गया युवक का शव मिला। शव मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। मौके से गुजर रहे बीजेपी नेता दीपक सिंह राजवीर सिंह चितईपुर पुलिस को फोन कर सूचना दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर एसीपी भेलुपुर प्रवीण कुमार एसओ चितईपुर बृजेश मिश्रा फोरेनसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। शव को बिना खोले अधिक खून का रिसाव होने के कारण मार्चरी भिजवाया गया। बोरा खोलने पर शव को बाहर निकाला गया। शव 35 से 40 साल के युवक का लग रहा था। हत्यारों ने सिर के ऊपरी भाग को धारदार हथियार से कुंच दिया जिससे शव की शिनाख्त न हो सके। मृतक के दाहिने हाथ पर मोंटी लिखा हैं। हत्या करने वालों ने मारने के बाद शव को बिस्तर



कंबल सहित प्लास्टिक के बोरा में बंद कर शव को नाली में फेंक दिया। जिस स्थान पर शव को फेंका गया वहां रात में अंधेरा हो जाता हैं। घटना स्थल मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच में पुलिस जुटी हैं। चितईपुर एसओ बृजेश मिश्रा ने बताया कि मृतक की पहचान हाथ पर लिखे मोंटी से होंगी।

## सभी के चेहरे पर मुस्कान से ही सद्भाव संभव –प्रो. निर्मला एस. मौर्य

शाहगंज/जौनपुर। पत्रकार धनन्जय विश्वकर्मा : भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय साम्प्रदायिक सद्भाव प्रकोष्ठ एवं वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंधन विभाग के संयुक्त तत्वावधान से सात दिवसीय राष्ट्रीय साम्प्रदायिक सद्भाव सप्ताह का समापन कार्यक्रम रंगारंग समारोह के साथ आर्यभट्ट सभागार में गुरुवार को मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. नरेश चंद्र गौतम ने कहा कि समाज में जिस दिन सद्भावना आ जाएगी उस दिन समस्या अपने आप समाप्त हो जाएगी। व्यक्ति में सकारात्मक सोच होना जरूरी है। इसी से उसका व्यक्तित्व विकास होता है। उन्होंने कहा कि जिसके पास अभिमान नहीं है वहीं सद्भावना का द्योतक है, कहा कि सांप्रदायिक सद्भाव से ही देश का अस्तित्व है स उन्होंने सलाह दी कि विद्यार्थी अपने लक्ष्य को चुनें विकल्प को नहीं। विकल्प चुनने वाला कभी लक्ष्य नहीं प्राप्त कर सकता। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने देश की विभिन्नता में एकता की मिसाल देते हुए कहा कि यहाँ के लोग सदियों से सौहार्द और प्रेम से गंगा जमुनी तहजीब को कायम रखे है। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देने में हमेशा से अग्रसर हैस ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थी अपने व्यवहार से समाज में सद्भाव की खुशबू फैलाते रहेंगे। सद्भाव का असली कारण सभी के चेहरे पर मुस्कान लाना है। कुलसाचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि देश एक परिवार की तरह है।



आपस में सहिष्णुता रहेगी तभी देश मजबूत बनेगा।अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रोफेसर मुराद अली ने सांप्रदायिक सद्भाव सप्ताह रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताएं में भाग लिए गए छात्रों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में जल संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम के अंत में छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। संचालन मोहम्मद हुजाईफा खान एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो. अजय द्विवेदी ने दिया। इस अवसर पर वित्त अधिकारी संजय कुमार राय, परीक्षा नियंत्रक वी. एन. सिंह, सहायक कुलसाचिव अजीत कुमार सिंह, बबिता सिंह, प्रो. बी.बी. तिवारी, प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. मानस पाण्डेय, प्रो. राजेश शर्मा, प्रो. वी. डी. शर्मा, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. अशोक कुमार श्रीवास्तव, प्रो. रामनारायण, प्रो. वन्दना दुबे, डॉ रसिकेश, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. गिरिधर मिश्रा, डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव, डॉ. पुनीत धवन, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डा. अमित सिंह वत्स, डॉ. विनय वर्मा, डॉ प्रमेन्द्र विक्रम सिंह, डॉ सुशील कुमार सिंह ,डॉ. सैफुल हक, समरीन तबस्सुम, नरिंदर कौर भटिया, मोहम्मद सहाबुद्दीन, प्रांकूर शुक्ला, मोहित भटिया आदि उपस्थित रहे।

## यूनिफॉर्म एक जिम्मेदारी है –मेजर मनमीत कौर सोढी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। "जानकारी और सावधानी ही बचाव है" – इस उद्देश्य के साथ विश्व एड्स दिवस के अवसर पर आज दिनांक 1 दिसंबर 2022 को नवयुग कन्या महाविद्यालय राजेंद्र नगर लखनऊ की 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी विंग द्वारा प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय एवं एनसीसी अधिकारी मेजर (डॉ0) मनमीत कौर सोढ़ी के नेतृत्व में जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत कैडेट तनु सारस्वत, वसुंधरा गंगवार, आकांक्षा पाल, आयुषी शर्मा, अंजली राय, ह्रषिता सिंह आदि कैडेट्स ने एचआईवी एड्स के कारणों पर चर्चा करते हुए बताया कि संक्रमित सुई के प्रयोग से,असुरक्षित यौन संबंधों से, गर्भवती माता से होने वाले शिशु को तथा संक्रमित रक्त के चढ़ाने से कोई भी इस लाइलाज बीमारी से संक्रमित हो सकता है। इस रोग से ग्रसित रोगी की रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित होती है जिस कारण से वह शारीरिक तथा मानसिक रूप से अस्वस्थ हो जाता है। कैडेट अण्डर आफिसर हरशीन कौर , सुप्रिया गोपाल, नंदिनी सिंह, खुशी कनौजिया, तनु सारस्वत ने लघु नाटिका के माध्यम से इस बात को दर्शाया कि टैटू बनवाने में, शेव करने में,रक्त चढ़ाने में हमेशा सावधानी का प्रयोग करना चाहिए। इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि कभी भी पहले से प्रयोग की




गई सिरिंज अथवा सुई का प्रयोग ना किया जाए। इसके साथ ही इस बात पर भी चर्चा की कि एड्स संक्रमित व्यक्ति के साथ में बैठने से, बात करने से,खाना खाने से, हाथ मिलाने से नहीं होता। प्राचार्या प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने कहा कि व्यक्ति का स्वास्थ्य उसकी सबसे बड़ी पूंजी होती है इसलिए स्वास्थ्य के प्रति सदैव सचेत रहना चाहिए, तभी हम समाज के प्रति भी अपने दायित्वों का निर्वहन करने में सक्षम हो सकेंगे। कार्यक्रम संयोजक मेजर (डॉ0) मनमीत कौर सोढ़ी ने कहा कि 'यूनिफॉर्म एक जिम्मेदारी है' और रक्षा की द्वितीय पंक्ति होने के नाते एनसीसी कैडेट्स की जिम्मेदारी समाज के प्रति और भी बढ़ जाती है कि जब और जहां आवश्यकता हो वहां पर अपनी भूमिका का निर्वाह पूरी निष्ठा के साथ करें। इस अवसर पर कैडेट सोनल सिंह, स्नेहा वर्मा, अंजलि अस्थाना दिव्यांशी, खुशी त्रिपाठी,कुमारी विभा, प्रियंका यादव, गीतांजलि, साक्षी,चाहत,शुभांगी, स्वाति आदि बड़ी संख्या में कैडेट्स ने पोस्टर तथा स्लोगन के माध्यम से एड्स के कारण, सावधानियों को दर्शाया।

## बौद्धिक गुलामी से मुक्ति हेतु शुरू हुआ राष्ट्रधर्म – दत्तात्रेय होसबाले

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने बुधवार को डालीबाग स्थित गन्ना संस्थान के सभागार में राष्ट्रधर्म मासिक पत्रिका के विशेषांक 'राष्ट्रीय विचार–साधना' अंक का लोकार्पण किया। इस अवसर पर सरकार्यवाह ने राष्ट्रधर्म की वेबसाईट का भी शुभारम्भ किया। इस अवसर पर बोलते हुए सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि बौद्धिक गुलामी से मुक्ति के लिए राष्ट्रधर्म का प्रकाशन शुरू हुआ था। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त 1947 को देश को राजनीतिक स्वतंत्रता तो मिल गयी लेकिन बौद्धिक स्वतंत्रता नहीं मिली। बौद्धिक गुलामी से मुक्ति के लिए ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी बाजपेई ने राष्ट्रधर्म का प्रकाशन शुरू किया। उन्होंने कहा कि अपने विचार को पकड़कर जिस अधिष्ठान पर राष्ट्रधर्म चला है उसको न छोड़ते हुए वैचारिक यात्रा जारी है। देश स्वाधीन होने के 15 दिन के अंदर देश की जनता के प्रबोधन के लिए राष्ट्रधर्म शुरू हुआ। राष्ट्रधर्म के पहले अंक में छपी अटल जी की कविता हिन्दू तन मन हिन्दू जीवन रग–रग हिन्दू मेरा परिचय ने राष्ट्रधर्म क्या है इसका परिचय कराया। दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि 'कृण्वन्तो विश्वमार्यम्' राष्ट्रधर्म का ध्येय वाक्य है। सारे विश्व का कल्याण होना चाहिए यह भारत की मिट्टी का स्वभाव है। यहां के लोग छोटे मन से सोचते नहीं है। "राष्ट्रधर्म तो कल्पवृक्ष है संघशक्ति ध्रुवतारा है, भारत फिर से जगद्गुरू हो यह संकल्प हमारा है।" राष्ट्रधर्म की इन दो पंक्तियों में राष्ट्रधर्म का उद्देश्य स्पष्ट हो जाता है। सरकार्यवाह ने कहा कि स्वाधीनता की प्रथम किरणें जब आयीं तब भारत को विश्व गुरू बनाने का संकल्प राष्ट्रधर्म ने लिया। राष्ट्रधर्म वैचारिक अधिष्ठान को लेकर चल रहा है। राष्ट्रधर्म को भूलकर हम कुछ भी नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि कार्यपालिका, न्यायपालिका, विधायिका और पत्रकारिता लोकतंत्र के इन चारों स्तम्भों में सामंजस्य होना चाहिए। दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि देश की हर क्षेत्र में उन्नति और प्रगति होनी चाहिए लेकिन वैचारिक स्पष्टता और वैचारिक शुद्धता भी चाहिए। आर्य द्रविड़ मिथक को स्थापित करने का प्रयास इस देश में किया गया। भारत एक देश है ही नहीं ऐसी बातें कही गयीं। अंग्रेजों के जमाने से शुरू हुआ षड़यंत्र आजादी के 75 वर्षों तक जारी रहा। सरकार्यवाह ने बताया कि स्वतंत्रता के बाद भी भारत की संसद में बजट शाम




पांच बजे पेश होता था। अटल जी जब प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने यह परम्परा बदली। राजपथ को कर्तव्यपथ बनाने का काम हुआ। देश को मानसिक गुलामी से बाहर लाना होगा। होसबाले ने कहा कि भारत एक राष्ट्र एक जन एक संस्कृति है। विविधता यहां का सौन्दर्य है। हम सब एक हैं। विविधता के साथ हम युगों से साथ रहते आये हैं। इस एकता एकात्मता को हम सब भारत के लोगों ने पकड़कर रखा है। इसे तोड़ने के लिए अंग्रेजों ने प्रत्यन किया। हमारे इतिहास को गलत ढ़ंग से पेश किया गया। मानसिक गुलामी को तिलांजलि देनी चाहिए इस दिशा में राष्ट्रधर्म प्रयास कर रहा है। राष्ट्रधर्म का जन प्रबोधन का कार्य हमेशा आगे बढ़ता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए न्यायमूर्ति (अवकाश प्राप्त) दिनेश कुमार त्रिवेदी ने कहा कि राष्ट्रधर्म सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने कहा कि देशवासियों में चेतना जगाने के लिए राष्ट्रधर्म की स्थापना की गयी थी। दिनेश कुमार त्रिवेदी ने कहा कि जो इस राष्ट्र में रहता है वह किसी धर्म को माने लेकिन राष्ट्रधर्म सबसे ऊपर है। राष्ट्र पर जब भी कोई आपदा आती है तो प्रत्येक भारतवासी उसके साथ खड़ा हो जाता है यही राष्ट्रधर्म है। वरिष्ठ पत्रकार के. विक्रम राव ने कहा कि विचार पत्रिका तटस्थ नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पत्रकार को पक्षपात नहीं करना चाहिए। के.विक्रम राव ने कहा कि देश में त्रिभाषा फार्मूला लागू होना चाहिए। राष्ट्रधर्म के संपादक प्रो. ओम प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि देश के विभाजन के बाद देश उद्देलित था। क्रांतिकारियों की अवज्ञा की जा रही थी। ऐसे समय में राष्ट्रधर्म ने वैज्ञारिक यज्ञ शुरू करने का काम किया था। इस अवसर पर सरकार्यवाह ने राष्ट्रधर्म के पूर्व संपादक आनन्द मिश्र अभय और वीरेश्वर द्विवेदी का सम्मान किया। इसके अलावा राष्ट्रधर्म की संपादन टोली, विज्ञापन प्रतिनिधियों और अभिकर्ताओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक अनिल, अवध प्रांत के प्रांत प्रचारक कौशल, राष्ट्रधर्म के प्रभारी सर्वेश द्विवेदी, राष्ट्रधर्म के निदेशक मनोजकांत, सह क्षेत्र प्रचारक प्रमुख नरेन्द्र सिंह, अवध प्रान्त के प्रान्त प्रचार प्रमुख डा. अशोक दुबे, विश्व संवाद केन्द्र के प्रमुख डा. उमेश, प्रान्त प्रचारक प्रमुख यशोदानन्द प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रधर्म के प्रबंधक डा. पवन पुत्र बादल ने किया।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## जिलाधिकारी द्वारा फसल बीमा योजना प्रचार गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की प्रचार गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। प्रचार वाहन जनपद के सभी विकास खंडों में



जाकर किसानों को जागरूक करेगी कि किसान अपनी फसलों का अधिक से अधिक बीमा कराएं। फसल का बीमा कराने से दैवीय आपदा की स्थिति में बीमा कंपनी के द्वारा नुकसान की भरपाई की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया है कि किसानों के लिए एक टोल फ्री नंबर (18002660700) नंबर जारी किया गया है जिस पर किसान अपने क्लेम का दावा कर सकते हैं। 31 दिसम्बर 2022 तक रबी फसलों का बीमा कराया जा सकता है। इस अवसर पर एचडीएफसी एग्रो कंपनी के डिस्टिक कोऑर्डिनेटर विनय यादव, भानु प्रताप तिवारी, स्नेह चन्द्र सहित अन्य उपस्थित रहे।

## काशी विश्वनाथ मंदिर के साथ इन पांच जगहों को ना करें मिस : नहीं तो होगा पछतावा

वाराणसी ब्यूरो : मिट्टी जहां की पारस है उसका नाम बनारस है। शिव की नगरी काशी की महिमा ही निराली है। बाबा विश्वनाथ के साथ काशी में 33 कोटि देवता भी निवास करते हैं। भगवान शिव को मानने वाला शायद ही कोई ऐसा शख्स होगा जो वाराणसी स्थित श्री काशी विश्वनाथ मंदिर



में दर्शन की कामना ना रखता हो। दुनिया की सबसे प्राचीन नगरी काशी में गंगा के तट पर स्थित श्री काशी विश्वनाथ का मंदिर भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। बनारस आने वाले श्रद्धालु बाबा विश्वनाथ के अलावा आसपास के मंदिरों में भी दर्शन पूजन के लिए जाते हैं। काशी के कोतवाल कालभैरव, संकटमोचन मंदिर, अन्नपूर्णा देवी मंदिर, गंगा घाट और गंगा की आरती का आकर्षण श्रद्धालुओं को बरबस ही अपनी तरफ खींच लेता है। संकटमोचन मंदिरःभगवान शिव के अंशावतार के रूप में पवनपुत्र हनुमान का विग्रह काशी के संकटमोचन क्षेत्र में स्थित है। रामचरित मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास द्वारा स्थापित संकटमोचन हनुमान भक्तों के समस्त संकट हर लेते हैं। काशी के कोतवाल कालभैरव काशी के कोतवाल काल भैरव का मंदिर मैदागिन क्षेत्र में स्थित है। मैदागिन से विशेश्वरगंज मार्ग पर नौ सौ मीटर आगे बढ़ने पर दाहिने तरफ ही मंदिर का रास्ता आरंभ हो जाता है। भगवान शिव के रुद्रावतार के रूप में बाबा कालभैरव काशी की रक्षा करते हैं। अन्नपूर्णा देवी मंदिर काशी विश्वनाथ मंदिर परिक्षेत्र में ही माता अन्नपूर्णा विराजती हैं। भगवान शिव ने काशीवासियों की क्षुधा मिटाने के लिए माता अन्नपूर्णा से अन्न की भिक्षा मांगी थी। काशी विश्वनाथ मंदिर के बगल में ही थोड़ी दूर पर गुलाबी भवन में माता अन्नपूर्णा का विग्रह स्थापित है। इसके अलावा माता के स्वर्णमयी स्वरूप के तीन दिन काशी में दर्शन होते हैं। गंगा जी की आरतीः वाराणसी की गंगा आरती विश्वप्रसिद्ध है। वाराणसी के प्रमुख घाटों पर नैत्यिक गंगा आरती होती है। खासकर दशाश्वमेध घाट पर होने वाली गंगा आरती फेमस है। इसके अलावा शीतला घाट व अस्सी पर भी आरती का आयोजन होता है। एक घंटे तक चलने वाली आरती में हजारों लोगों का हुजूम जमा होता है। गंगा घाटः काशी में 84 घाट हैं जिनका संपर्क आपस में जुड़ा है। इनका जुड़ाव ऐसा है कि एक घाट से दूसरे घाट तक आप आराम से जा सकते हैं। लेकिन बाढ़ के समय ये जुड़ाव टूट जाता है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

*–सुविचार–*

**मन का मौन मनोबल बढ़ाता है।**

*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

## सम्पादकीय

# भारत का जी–20 एजेंडा समावेशी

भारत सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है। हमारे प्रतिभाशाली युवाओं की रचनात्मक प्रतिभा का पोषण करते हुए, हमारा नागरिक–केंद्रित शासन मॉडल एकदम हाशिये पर खड़े लोगों का भी ख्याल रखता है।

जी–20 की पिछली 17 अध्यक्षताओं के दौरान वृहद आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने, अंतरराष्ट्रीय कराधान को तर्कसंगत बनाने और विभिन्न देशों के सिर से कर्ज के बोझ को कम करने समेत कई महत्वपूर्ण परिणाम सामने आए। हम इन उपलब्धियों से लाभान्वित होंगे तथा यहां से और आगे की ओर बढ़ेंगे। अब, जबकि भारत ने इस महत्वपूर्ण पद को ग्रहण किया है, मैं अपने आपसे यह पूछता हूं– क्या जी–20 अभी भी और आगे बढ़ सकता है? क्या हम समग्र मानवता के कल्याण के लिए मानसिकता में मूलभूत बदलाव लाने की पहल कर सकते हैं? मेरा विश्वास है कि हां, हम ऐसा कर सकते हैं।

हमारी परिस्थितियां ही हमारी मानसिकता को आकार देती हैं। पूरे इतिहास के दौरान मानवता का जो स्वरूप होना चाहिए था, उसमें एक प्रकार की कमी दिखी। हम सीमित संसाधनों के लिए लड़े, क्योंकि हमारा अस्तित्व दूसरों को उन संसाधनों से वंचित कर देने पर निर्भर था। विभिन्न विचारों, विचारधाराओं और पहचानों के बीच, टकराव और प्रतिस्पर्धा को ही जैसे आदर्श मान बैठे। दुर्भाग्य से, हम आज भी उसी शून्य–योग की मानसिकता में अटके हुए हैं। हम इसे तब देखते हैं, जब विभिन्न देश, या क्षेत्र संसाधनों के लिए आपस में लड़ते हैं। हम इसे तब देखते हैं, जब आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति को हथियार बनाया जाता है। हम इसे तब देखते हैं, जब कुछ लोगों द्वारा टीकों की जमाखोरी की जाती है, भले अरबों लोग बीमारियों से असुरक्षित हों।

कुछ लोग यह तर्क दे सकते हैं कि टकराव और लालच मानवीय स्वभाव है। मैं इससे असहमत हूं। अगर मनुष्य स्वाभाविक रूप से स्वार्थी है, तो हम सभी में मूलभूत एकात्मता की हिमायत करने वाली इतनी सारी आध्यात्मिक परंपराओं के स्थायी आकर्षण को कैसे समझा जाए? भारत में प्रचलित ऐसी ही एक परंपरा है, जो सभी जीवित प्राणियों और यहां तक कि निर्जीव चीजों को भी एक समान ही पांच मूल तत्वों–पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश के पंचतत्व से बना हुआ मानती है। इन तत्वों का सामंजस्य–हमारे भीतर और हमारे बीच भी–हमारे भौतिक, सामाजिक और पर्यावरणीय कल्याण के लिए आवश्यक है।

भारत की जी–20 की अध्यक्षता दुनिया में एकता की इस सार्वभौमिक भावना को बढ़ावा देने की ओर काम करेगी। इसलिए हमारी थीम –'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' है। यह सिर्फ एक नारा नहीं है। यह मानवीय परिस्थितियों में उन हालिया बदलावों को ध्यान में रखता है, जिनकी सराहना करने में हम सामूहिक रूप से विफल रहे हैं। आज हमारे पास दुनिया के सभी लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त उत्पादन के साधन हैं। आज, हमें अपने अस्तित्व के लिए लड़ने की जरूरत नहीं है–हमारे युग को युद्ध का युग होने की जरूरत नहीं है। ऐसा बिल्कुल नहीं होना चाहिए! आज हम जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद और महामारी जैसी जिन बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, उनका समाधान लड़कर नहीं, मिलकर काम करके ही निकाला जा सकता है।

सौभाग्य से, आज की जो तकनीक है, वह हमें मानवता के व्यापक पैमाने पर समस्याओं का समाधान करने का साधन भी प्रदान करती है। आज हम जिस विशाल वर्चुअल दुनिया में रहते हैं, उससे हमें डिजिटल प्रौद्योगिकियों की व्यापकता का भी पता चलता है। भारत इस सकल विश्व का सूक्ष्म जगत है, जहां विश्व की आबादी का छठा हिस्सा रहता है और जहां भाषाओं, धर्मों, रीति–रिवाजों और विश्वासों की विशाल विविधता है। सामूहिक निर्णय लेने की सबसे पुरानी ज्ञात परंपराओं वाली सभ्यता होने के नाते भारत दुनिया में लोकतंत्र के मूलभूत डीएनए में योगदान देता है। लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत की राष्ट्रीय सहमति किसी आदेश से नहीं, बल्कि करोड़ों स्वतंत्र आवाजों को एक सुरीले स्वर में मिलाकर बनाई गई है।

आज, भारत सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है। हमारे प्रतिभाशाली युवाओं की रचनात्मक प्रतिभा का पोषण करते हुए, हमारा नागरिक–केंद्रित शासन मॉडल एकदम हाशिये पर खड़े लोगों का भी ख्याल रखता है। हमने राष्ट्रीय विकास को ऊपर से नीचे की ओर के शासन की कवायद नहीं, बल्कि एक नागरिक–नेतृत्व वाला 'जन आंदोलन' बनाने की कोशिश की है। हमने ऐसी डिजिटल जन उपयोगिताएं निर्मित करने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाया है, जो खुली, समावेशी और अंतर–संचालनीय हैं। इनके कारण सामाजिक सुरक्षा, वित्तीय समावेशन और इलेक्ट्रॉनिक भुगतान जैसे विविध क्षेत्रों में क्रांतिकारी प्रगति हुई है। इन सभी कारणों से भारत के अनुभव संभावित वैश्विक समाधानों के लिए अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकते हैं।

जी–20 अध्यक्षता के दौरान, हम भारत के अनुभव, ज्ञान और प्रारूप को दूसरों के लिए, विशेष रूप से विकासशील देशों के लिए एक संभावित टेम्प्लेट के रूप में प्रस्तुत करेंगे। हमारी जी–20 प्राथमिकताओं को, न केवल हमारे जी–20 भागीदारों, बल्कि दुनिया के दक्षिणी हिस्से में हमारे साथ चलने वाले देशों, जिनकी बातें अक्सर अनसुनी कर दी जाती है, के परामर्श से निर्धारित किया जाएगा। हमारी प्राथमिकताएं हमारी 'एक पृथ्वी' को संरक्षित करने, हमारे 'एक परिवार' में सद्भाव पैदा करने और हमारे 'एक भविष्य' को आशान्वित करने पर

केंद्रित होंगी।

अपने प्लैनेट को पोषित करने के लिए, हम भारत की प्रकृति की देख–भाल करने की परंपरा के आधार पर स्थायी और पर्यावरण–अनुकूल जीवन शैली को प्रोत्साहित करेंगे। मानव परिवार के भीतर सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए, हम खाद्य, उर्वरक और चिकित्सा उत्पादों की वैश्विक आपूर्ति को गैर–राजनीतिक बनाने की कोशिश करेंगे, ताकि भू–राजनीतिक तनाव मानवीय संकट का कारण न बने। जैसा हमारे अपने परिवारों में होता है, जिनकी जरूरतें सबसे ज्यादा होती हैं, हमें उनकी चिंता सबसे पहले करनी चाहिए। हमारी आने वाली पीढ़ियों में उम्मीद जगाने के लिए, हम बड़े पैमाने पर विनाश के हथियारों से पैदा होने वाले जोखिमों को कम करने और वैश्विक सुरक्षा बढ़ाने पर सर्वाधिक शक्तिशाली देशों के बीच एक ईमानदार बातचीत को प्रोत्साहन प्रदान करेंगे। भारत का जी–20 एजेंडा समावेशी, महत्वाकांक्षी, कार्रवाई–उन्मुख और निर्णायक होगा।

आइए, हम भारत की जी–20 अध्यक्षता को संरक्षण, सद्भाव और उम्मीद की अध्यक्षता बनाने के लिए एकजुट हों। हम मानव–केंद्रित वैश्वीकरण के एक नए प्रतिमान को स्वरूप देने के लिए साथ मिलकर काम करें।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## डॉ उज्जवला बेंदाले ने एल पी एस में संविधान की रक्षा का संकल्प दिलाया

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। लखनऊ पब्लिक स्कूल, सेक्टर–9, वृंदावन योजना, लखनऊ में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव – 'विंग्स ऑफ होप' मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि डॉ उज्जवला बेंदाले (डीन दृभारती विद्यापीठ डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी व प्रधानाचार्य न्यू लॉ कॉलेज पुणे ), विशिष्ट अतिथि डॉ ज्योति धर्म ( विभागाध्यक्ष, लॉ, दृ न्यू लॉ कॉलेज पुणे), संस्थापक महाप्रबंधक डॉ एस पी सिंह, पूर्व एम एल सी कान्ति सिंह, प्रबन्ध निदेशक सुशील कुमार, निदेशक मंडल आशा सिंह, हर्षित सिंह, नेहा सिंह, गरिमा सिंह, प्रिंसिपल्स – डॉ रूपाली पटेल, ज्ञानेंद्र कुमार, ऋचा खन्ना, शिक्षक समुदाय ,अभिभावक व बच्चे मौजूद रहे। इस अवसर पर डॉ उज्जवला बेंदाले ने संविधान की उद्देशिका




को पढ़कर सभी को संकल्प दिलाया कि हम अपने संविधान के मूल्यों की रक्षा करेंगे । बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोहा।

## सेंट क्लेयर्स कॉन्वेंट स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ भब्य समापन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। JAMBOREE^ के तीसरे और अंतिम दिन का आरम्भ कथक नृत्य की प्रस्तुति के साथ हुआ। तीसरे दिन आदरणीय फादर रॉबर्ट मुख्य अतिथि और निर्णायक मण्डल मे डा. मुफीद अहमद, श्री सत्यम श्रीवास्तव और सुश्री खुशी रहे। कार्यक्रम का आयोजन स्कूल की प्रधानाचार्या सिस्टर विनीता जोसेफ और प्रबंधक सिस्टर अपिर्ता के मार्गदर्शन मे किया गया। अंतिम दिन तीन प्रतियोगिताओं का आयोजन कया गया जिसमे तीन स्कूलो ने भाग लिया। टेकनो टूर और फैशनीसटा मे सेंट क्लेयर्स कॉन्वेंट स्कूल की टीम विजय रही जबकि टेक स्केच मे प्रेसटन इंटरनेशनल एकेडमी की टीम विजेता रही। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम सेंट क्लेयर्स कॉन्वेंट स्कूल की टीम ने कुल 8 प्रतियोगिताओ को जीत कर शीर्ष स्थान पर रही वही सेंट फेदलिस कॉलेज की टीम ने 2 प्रतियोगिताओ पर जीत हासिल की। तीन दिन



तक चलने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम मे एल. पी. एस. आनंद नगर, लोयोला इंटरनेशनल स्कूल, एल. पी. सी. आम्रपाली, सेंट फ्रांसिस स्कूल हेयरिंग इमपेयर्ड, सफा पब्लिक स्कूल, राम प्रसाद बिस्मिल मेमोरियल स्कूल और रेड रोज स्कूल आदि स्कूलो ने भाग लिया।

## सर्दी जुकाम तथा बुखार से पीड़ित मरीजों की बाढ़ – डॉ एसएस रजा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। आलमबाग चंदरनगर नगरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में इस समय खांसी, जुकाम तथा बुखार पीड़ितों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। यूसीएचसी चंदरनगर आलमबाग के सुपरिंटेंडेंट डा० एस एस रजा ने बताया कि बढ़ रही ठंड के कारण कोल्ड डायरिया, सांस फूलने तथा बच्चों में खांसी, बुखार आदि की बीमारी पायी जा रही है। इन बीमारियों से निपटने के लिए उन्होंने बताया कि मुंह पर प्रथम दृष्टया मास्क लगाने के साथ ही ठंड से बचने के लिए मोजा, गर्म कपड़े, दस्ताना, मंकी कैप आदि का उपयोग करें।उन्होंने बताया कि अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में दवाएं उपलब्ध हैं जो निःशुल्क दी जा रही है तथा सभी जांच फ्री कराई जा रही हैं। इसमें टाइफाइड के मरीज ज्यादा मिल रहे हैं। डेंगू के मरीजों को लोकबंधु अस्पताल रिफर किया जाता है। वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ एवं चिकित्सा अधीक्षक डा० एस एस रजा ने बताया कि ठंड के समय में विशेषकर नवजात शिशुओं की देखभाल आवश्यक है।



आशा कार्यकर्ता गृह आधारित नवजात शिशु देखभाल कार्यक्रम के तहत नवजात के घर जाकर उनकी जांच व देखभाल करती हैं। उन्होंने नवजात शिशुओं के अभिभावकों को बताया है कि ठंड में शिशुओं का बचाव आवश्यक है। इसके लिए सिर से लेकर पैर तक बच्चों को गर्म कपड़े में रखना जरूरी है।

## गोंडा की रहने वाली डॉ अनीता मिश्रा ने जीता क्लासिक मिसेज एशिया इंटरनेशनल का ताज

देश की उपासना मृत्युन्जय प्रताप सिंह की रिपोर्ट लखनऊ : सुविख्यात चिकित्सक डॉ0 अनीता मिश्रा पत्नी डा0 पुन्योदय मिश्रा संचालक गोण्डा मेडिकल सेंटर जिन्होंने गतवर्ष उदयपुर में आयोजित Classic Mrs India 2021–22 का खिताब जीतकर गोण्डा जनपद के नाम को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया था। उन्होंने अपने अथक प्रयास से इस वर्ष थाईलैंड में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित क्लासिक Mrs Asia International के ताज को हासिल कर पुनः देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है। यह कार्यक्रम म्त्ड जेंपसंदक द्वारा आयोजित किया गया जो कि दिनाँक 26 नवंबर 2022 को Na Tree Tara Resort Thailand में संपन्न हुआ जिसके 6 राउंड में 24 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया और फाइनल राउंड में डा0 अनीता मिश्रा ने Classic Mrs Asia International 2022–23 के ताज के साथ – साथ Mrs- Popularity की खिताब और Talent Queen के उपविजेता का खिताब भी जीता है। जनपद वासियों




में इस खबर से खुशी की लहर व्याप्त है और सोशल मीडिया के माध्यम से बधाइयों का तांता लगा है।

## बिना बेहोश किए हाथ–पैर बांध कर किया ऑपरेशन : महिला ने डॉक्टरों पर लगाया आरोप

गोरखपुर ब्यूरो : बीआरडी मेडिकल कॉलेज के सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक में बिना बेहोश किए ही मरीज का ऑपरेशन कर देने का मामला प्रकाश में आया है। आरोप है कि महिला के हाथ–पैर बांधकर डॉक्टर ने ऑपरेशन कर दिया। इस बीच मरीज चिल्लाती रही, लेकिन डॉक्टर ने एक न सुनी। दर्द से वह बदहवास हो गई। स्थिति बिगड़ने पर डॉक्टर ने उसे इंजेक्शन के जरिए दवा दी। जानकारी के मुताबिक, माया बाजार की रहने वाली नीलम गुप्ता को पेशाब की नली में 8.6 एमएम की पथरी थी। परिजन इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज के यूरोलाजिस्ट डॉ. पवन कुमार एसके के पास लेकर आए। नीलम के अनुसार, डॉक्टर ने दूरबीन विधि से ऑपरेशन की बात कही। इसे बाहर से मंगाने के लिए आठ हजार रुपये भी दिए गए। 21 नवंबर को डॉक्टर ने बेहोश कर ऑपरेशन किया। लेकिन, दर्द से राहत नहीं मिली। दूसरी बार अल्ट्रासाउंड में 8.1 एमएम की पथरी मिली। डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज बुलाया और ऑपरेशन थियेटर में ले गए। आरोप है कि बेड पर हाथ–पैर बांध दिया। विरोध करने पर कहा गया कि यह जांच की प्रक्रिया है। इसके बाद बिना बेहोश किए पेशाब की नली में दूरबीन डालकर पथरी तोड़ने लगे। इसमें बेतहाशा दर्द हुआ। ऑपरेशन थिएटर से निकलकर पति से इसकी शिकायत की। लेकिन, वह घर लेकर चले गए। इस बीच दर्द कम नहीं हुआ। तीसरी बार अल्ट्रासाउंड कराने पर पता चला कि पथरी नहीं है, लेकिन पेशाब की नली के पास घाव हो गया है। इसकी वजह से दर्द है। मरीज का इलाज अब निजी अस्पताल में चल रहा है।



डॉक्टर बोले– पथरी नहीं थी, पेशाब की नली में जमा हो गया था चूरा ऑपरेशन करने वाले डॉ. पवन कुमार एसके ने बताया कि हाथ–पैर बांधने का आरोप निराधार है। मरीज को ऑपरेशन से पूर्व बेहोश नहीं किया गया था। क्योंकि, मरीज का पथरी का ऑपरेशन नहीं होना था। न ही बड़ी सर्जरी थी। छोटी सर्जरी थी। इसमें बेहोश करने की जरूरत नहीं होती है। मरीज की पथरी तोड़ी गई थी, उसका चूरा और बुरादा पेशाब की नली में जमा हो गया था, जिसे हटाना जरूरी था। ऑपरेशन थिएटर में उनकी केवल दो दिन की ड्यूटी रहती है। इसलिए तत्काल चूरा को हटाने के लिए छोटी सर्जरी की गई। यह कोई नया नहीं था। सप्ताह में कई महिलाओं की सर्जरी इस तरह की जाती है। बीआरडी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गणेश कुमार ने कहा कि मामले की जानकारी नहीं मिली है। न ही इससे संबंधित कोई शिकायत मिली है। अगर लिखित तौर पर शिकायत मिलती है, तो मामले की जांच कराई जाएगी। बड़ी सर्जरी से पहले बेहोशी की जरूरत होती है। छोटी सर्जरी में मरीज को बेहोश नहीं किया जाता है। रही बात रुपये लेकर बाहर से मशीन मंगाने की, तो ऐसी कोई व्यवस्था बीआरडी में नहीं है।

## पुराने समय पर ही हुए बांके बिहारी के दर्शन : मंदिर के गेट पर लगी भीड़

मथुरा ब्यूरो : मथुरा के वृंदावन में ठा. बांकेबिहारी मंदिर के दर्शन गुरुवार को पुराने समय पर ही हुए। एक दिसंबर से दर्शन का समय तीन घंटे बढ़ाकर 11 घंटे करने का निर्णय लिया गया था, लेकिन इसका असर दिखाई नहीं दिया। बता दें ठाकुर बांके बिहारी जी के दर्शनों का बढ़ा हुआ समय रोकने के लिए सिविल जज जूनियर डिवीजन की अदालत में दो प्रार्थना पत्र दिए गए। दोनों प्रार्थना पत्रों पर अदालत में सुनवाई हुई और मामले को निर्णय के लिए रख लिया। अदालत के निर्देश पर बृहस्पतिवार से ठाकुर बांके बिहारीजी के दर्शन का समय 8.15 घंटे से 11 घंटे तक के लिए बढ़ा दिया गया, लेकिन इसका असर दिखाई नहीं दिया। पुराने समय पर ही हुए बांके बिहारी के दर्शन हुए। हालांकि न्यायालय के आदेश पर प्रबंधक द्वारा मंदिर के बाहर नोटिस भी चस्पा कर दिया गया था। वहीं बुधवार को इसको लेकर ठाकुर बांके बिहारीजी के सेवायत हिमांशु गोस्वामी तथा अन्य ने अदालत में प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें निर्णय संबंधी आदेश पर पक्षकारों के नाम पर प्रतिवाद किया है। उन्होंने कहा है कि आदेश संबंधी प्रार्थना पत्र में पक्षकारों के नाम ठाकुर बांके बिहारीजी महाराज बनाम प्रबंधक दे रखा है। जिससे प्रतीत होता है कि वाद ठाकुर बांके बिहारी जी महाराज के प्रार्थना पत्र पर प्रबंधक के खिलाफ प्रस्तुत किया गया



है। जबकि प्रार्थी की नजर में ऐसा कोई प्रकीर्ण वाद ठाकुर बांके बिहारीजी महाराज या किसी सेवायत द्वारा न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत ही नहीं किया है। बावजूद इसके इस वाद में अदालत ने बिना क्षेत्राधिकार आदेश पारित किए हैं। प्रार्थी ने बताया है कि वर्ष 2016 में विनोद बिहारी गोस्वामी आदि बनाम जनपद न्यायाधीश आदि में 14 सितंबर को 2017 और 6 मई 2022 के आदेश द्वारा मंदिर ठाकुर बांके बिहारी महाराज की प्रबंध व्यवस्था से संबंधित मूल वाद संख्या 156 वर्ष 1938 व उसके अंतर्गत प्रस्तुत प्रकीर्ण वाद की सुनवाई का क्षेत्राधिकार भी आपके न्यायालय ( सिविल जज जूनियर डिवीजन) से हाथरस स्थानांतरित हो चुका है। चूंकि इस स्थानांतरण याचिका में सिविल जज जूनियर डिवीजन खुद ही पक्षकार हैं तो इसकी पूर्ण जानकारी उन्हें होनी चाहिए। प्रार्थीगण ने प्रार्थना पत्र में यह भी कहा है कि हाईकोर्ट में अनंत शर्मा आदि बनाम उत्तर प्रदेश सरकार आदि में 28 नवंबर 2022 को भी आदेश के क्रियान्वयन को स्थगित कर दिया है। प्रार्थीगण ने अदालत से प्रार्थना की है कि ऐसी परिस्थिति में प्रकीर्ण वाद पर कोई भी आदेश पारित न किया जाए। अधिवक्ता गिरधारी लाल शर्मा ने बताया कि उन्होंने भी अदालत को इस संबंध में प्रार्थना पत्र दिया है।

## भाजपा सांसद ने बाबा रामदेव को बताया मिलावटखोरों का सम्राट : देशभर में आंदोलन करने की दी धमकी

गोंडा ब्यूरो : भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह और पतंजलि योगपीठ के बीच रार बढ़ती जा रही है। बीते दिनों कैसरगंज सांसद बृजभूषण सिंह ने पतंजलि उत्पादों पर सवाल उठाया था। इस पर पतंजलि के निदेशक बालकृष्ण ने कार्रवाई की चेतावनी दी थी। फिर सांसद को लीगल नोटिस भेजकर तीन दिनों में मॉफी मांगने को कहा है। लीगल नोटिस मिलने से खफा सांसद ने विश्नोहरपुर स्थित अपने आवास पर पंतजलि योगपीठ के संस्थापक बाबा रामेदव पर गंभीर आरोप लगाए और चुनौती दी कि अब पूरे देश में आंदोलन होगा। सांसद बृजभूषण सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में बाबा रामदेव द्वारा दी गई लीगल नोटिस का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मैं किसानों, संतों और देशवासियों के हित में जेल जाने को तैयार हूं और मैं जमानत नहीं कराऊंगा। कहा कि मुझे देश के संविधान और न्यायालय पर भरोसा है अगर देश हित में जेल जाना पड़ा तो मैं पीछे नहीं हटूंगा। चेतावनी भरे लहजे में कहा कि महर्षि पतंजलि की धरती पर संत जुटेंगे और संत ही निर्णय लेंगे की आगे क्या होना चाहिए। मैं पतंजलि की भूमि से संतों का आह्वान करता हूं और अब बाबा रामदेव के खिलाफ देश भर में आंदोलन खड़ा होगा। आरोप



लगाया कि बाबा रामदेव की मति भ्रष्ट हो गई है और वह महर्षि पतंजलि के नाम पर दुरुपयोग कर रहे हैं। सांसद ने बाबा रामदेव को मिलावटखोरों का सम्राट और राजा बताया। कहा कि रामदेव के लोग नकली मिठाई भी बेच रहे हैं, यह कानपुर से गोरखपुर तक बेची जा रही। भाजपा सांसद ने सरकार से ऐसे लोगों पर कार्रवाई करने की अपील की। आरोप लगाया कि रामदेव ने अपने प्रोडक्ट पर जजिया कर लगा रखा है। भाजपा सांसद और पतंजलि के बीच का यह विवाद किस करवट बैठेगा यह देखने वाली बात होगी, फिलहाल सांसद बृजभूषण का विरोध जारी है।

## खेतासराय में यातायात माह का खुलेआम उड़ रही धज्जियां : रस्म अदायगी तक सिमटी हुई है खेतासराय पुलिस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : यातायात अभियान के तहत एक तरफ जहां जनपद जौनपुर में लोगों को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूक करने का प्रयास कर रही है तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्यवाही कर रही है। ऐसे में खेतासराय पुलिस महज हाथ पर हाथ रखी बैठी हुई है। इससे खेतासराय क्षेत्र में यातायात माह का हवा निकल रहा है। पुलिस यातायात माह के अलावा भी भूले – बिसरे कार्यवाही करने के नाम इतिश्री करती है, जितना करती नहीं उससे ज्यादा वाह – वाहवाही लूटने का कोशिश करती है। ऐसे में यातायात माह का धज्जियां उड़ती नजर आ रही है। चौराहे पर खड़ी रहती है पुलिस लोग इसकी धज्जियां उड़ाते निकल जाते है। पुलिस यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्यवाही क्यों नहीं यह लोगों के समझ से परे है। यातायात माह समाप्त की ओर है लेकिन खेतासराय पुलिस लोगों को जागरूक करने के लिए कोई ठोस पहल नहीं की है। ऐसे में खेतासराय पुलिस की कार्यप्रणाली पर प्रश्नवाचक चिन्ह लग रहा है। जिससे उल्लंघन करने वालों का हौसला बढ़ता जा रहा है। समाप्त होते इस यातायात माह पर खेतासराय पुलिस सिर्फ रस्म अदायगी तक सिमटी रही है। यातायात व्यवस्था को सुधार हेतु कोई कारगर पहल देखने को नहीं मिली है। जिसके चलते नगर में भीषण जाम लग जाता है। जिससे निजात दिलाने पुलिस हांफती रहती है। इसी जाम के झाम में लोग घटों तक फस कर रेंगते रहते है। लोग का मानना है यातायात नियमों का यदि पचास प्रतिशत सही ढंग से पुलिस पालन करें दे तो जाम की समस्या यू ही समाप्त हो जाएगी लेकिन पुलिस इसको करने की जहमत नहीं उठाना चाह रही है। इसके पीछे क्या कारण है समझ से बात परे है। खेतासराय चौराहे पर पांच मिनट के लिए खड़े हो जाएं तो एक बाइक तीन – चार लोग सवार होकर गुजरने वालों को आसानी से देख सकते है इतना ही बल्कि आज के युग में मोटरसाइकिल में कानफाडू साइलेंसर लगाकर धड़ल्ले से दहाड़ते हुए निकल रहे है। पुलिस ऐसे लोगों पर कतरा रही है पुलिस की इस रवैये से आम लोगों का चर्चा विषय बना हुआ है पुलिस यातायात माह का हवा ढीली कर रही है। ऑटो – रिक्शा बना जी का जंजाल खेतासराय के आम जनता के लिए सबसे बड़ा सिरदर्द ऑटो – रिक्शा है। लेकिन जानकर बताते है यह पुलिस के लिए कामधेनु गाय की तरह है। इस ऑटो – रिक्शा वालों के लिए कस्बा में कोई स्टैंड नहीं है। जिससे बेतरतीब खड़े ऑटो – रिक्शा बीच रास्ते में ही खड़ाकर बेधड़क सवारी भरने और उतारने का काम करते है। यदि आते – जाते पुलिस की नजर पड़ भी जाती है तो पुलिस आँख बन्द करके निकल जाती है। पुलिस ऐसे लोगों पर कार्यवाही न करने से ऑटो – चालकों के हौसला बढ़ गया है। दरअसल यह ऑटो चालक भोली – भाली सवारियों से मनमाना तरीके से किराया वसूलते ही है विरोध करने का झगड़ा छोड़ मारपीट करने तक अमादे हो जाते है। मनमाना किराया न देने पर आधे – अधूरे रास्ते में उतर कर चले जाते है। डग्गामार वाहनों का भरमार, कार्यवाही करने से कांपती है पुलिस? स्थानीय कस्बा राष्ट्रीय राजमार्ग होकर गुजरता है। चौराहे के पूरब की दिशा में दीदारगंज मार्ग है जो आजमगढ़ जिला को जोड़ता है। पश्चमी की दिशा में खुटहन मार्ग है। उत्तर दिशा में शाहगंज मार्ग जो तहसील को जोड़ता है। इसके दक्षिण में जौनपुर मार्ग है जो जिला मुख्यालय को जोड़ता है। जानकर बताते है चौराहे पर दीदारगंज मार्ग और खुटहन मार्ग पर सबसे ज्यादा डग्गामार वाहन है। जो बिना फिटनेस व नम्बर प्लेट के फर्राटा भर रहे है। पुलिस इन डग्गामार वाहनों पर कार्यवाही क्यों नहीं कर रही है लोग समझ नहीं पा रहे है। जानकर बताते है कि यह डग्गामार वाहनों पुलिस के दुधारू गाय की तरह है। नाम न बताने की शर्त एक चालक बताया कि हम लोगों का महीना देना होता है। इसको देने से चाहे जैसे जहाँ से सवारी भरकर ढोते है। किराया के सम्बंध में बताया कि मनमाना किराया नहीं लिया जाएगा तो महीना कहा से दिया जाएगा। ऐसे में पुलिस के इस रवैये के चलते यातायात नियमों को धज्जियां उड़ा रही है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष यजुवेंद्र कुमार सिंह ने बताया की जो गाड़िया नगर में बिना फिटनेस इंश्योरेंस प्रदूषण प्रमाण पत्र इत्यादि जरूरी प्रपत्र के अवैध रूप से चल रहीं है जल्द ही अभियान चला कर कठोर कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

## एक ही विद्यालय को चोरों ने पांचवीं बार बनाया निशाना : एक भी बार चोरी की घटनाओं में पुलिस ने नहीं दर्ज किया मुकदमा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : चोरों ने पांचवीं बार प्राथमिक विद्यालय भदखिन को ही अपना निशाना बना कर स्कूल में लगे पंखा, बोर्ड, बच्चों के पठन–पाठन की सामग्री, सरकारी पुस्तकें व विद्यालय में लगे वाईफाई पर मंगलवार की रात हाथ साफ कर दिया। बुधवार की सुबह पहुंचने पर प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र कुमार को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने इसकी सूचना अपने उच्चाधिकारियों सहित थानाध्यक्ष सुरेरी को दी। प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र कुमार का आरोप है कि चोरों द्वारा लगातार पांचवीं बार इस विद्यालय को अपना निशाना बनाया गया है, और हर बार थानाध्यक्ष सुरेरी को इसकी सूचना दी गई लेकिन पुलिस ने न ही मुकदमा दर्ज किया और ना ही कोई आवश्यक कार्रवाई किया। पुलिस के इस उदासीनता के कारण चोरों का हौसला बढ़ता जा रहा है और चोर आए दिन एक ही विद्यालय को बार–बार अपना निशाना बना रहे हैं। सूचना के बाद अगर पुलिस आई भी तो मीठी मीठी बातें करके वापस चली जाती है, लेकिन उक्त मामलों में कोई कार्रवाई नहीं करती है। प्रधानाध्यापक की माने तो पांचों बार हुई चोरियों की कीमत लगभग लाखों रुपए बताई जा रही है। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष सुरेरी रमेश कुमार से बात की गई तो उन्होंने चोरी के मामले में अनभिज्ञता जताई हैं।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बालिका शिक्षा एवं सशक्तीकरण मुद्दो पर चलाया जा रहा जन–जागरूकता अभियान

जौनपुर सू.वि. : समग्र शिक्षा के तत्वाधान में स्पेशल प्रोजेक्ट फार इक्वीटी के अन्तर्गत सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के सहयोग से बेसिक शिक्षा विभाग में संचालित विभिन्न गतिविधियों जैसे–बालिका शिक्षा एवं सशक्तिकरण के मुद्दो पर जन–जागरूकता, निपुण भारत कार्यक्रम, निपुण लक्ष्य, मिशन शक्ति कार्यक्रम, बेटी बचाओं एवं बढ़ाओं इत्यादि विभिन्न गतिविधियों के संदर्भ में जन–जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटकों द्वारा जनपद में कुल 25 दिवस में चिन्हित 50 स्थलों पर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया जायेगा। जिसका शुभारम्भ 30 नवम्बर 2022 से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल द्वारा राज्य स्तर से चयनित श्रीमन्त डी0एन0 यादव एण्ड पार्टी, सुदामापुरी, कालोनी चिन्हट, लखनऊ को कार्यालय से हरी झण्डी दिखाकर चयनित स्थलों पर नुक्कड़ नाटक प्रदर्शन करने हेतु रवानगी की गयी। इस मौके पर कार्यालय के समस्त स्टाफ एवं एस0आर0जी0 टीम, प्रभारी जिला समन्वयक (बा0शि0) अरूण कुमार मौर्य, जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) श्रीमती शोभा तिवारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय अमरदीप जायसवाल एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी बक्शा उदयभान कुशवाहा जौनुपर उपस्थित रहें। 30 नवम्बर को नुक्कड़ नाटक प्रदर्शन स्थल शीतला चौकिया चौराहा एवं गौराबादशापुर बाजार विकास खण्ड धर्मापुर में खण्ड शिक्षा अधिकारी अरविन्द कुमार यादव एवं नामित नोडल अध्यापक की देख–रेख में प्रदर्शन सम्पन्न हुआ।

## समाज के अभिन्न अंग है दिव्यांग छात्र– सुशील उपाध्याय

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर के दिव्यांग छात्र शिवम कन्नौजिया को गुरुवार को विद्यालय परिसर में ट्राइसकिल मिला तो उसके खुशी का ठिकाना नही रहा। ट्राइसकिल पर बैठते ही वह भावुक हो गया। ब्लाक प्रमुख संजय सिंह द्वारा उक्त ट्राइसकिल दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुशील उपाध्याय ने कहा कि दिव्यांग समाज के अभिन्न अंग है। समाज में उनके आत्म सम्मान, सेहत और अधिकार को सुधारने के लिए सरकार द्वारा उनके वास्तविक जीवन मे तमाम तरह से सहायता की जा रही है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक व प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने कहा कि दिव्यांग दया नही बल्कि स्नेह के पात्र है। समाज में तमाम ऐसे उदाहरण है जिन्होंने अच्छी शिक्षा ग्रहण कर देश दुनिया मे नाम रोशन कर रहे है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में अध्ययन कक्षा चार का छात्र शिवम कन्नौजिया पैरों से दिव्यांग था। बताया कि स्कूल आने में उसको कठिनाई होती थी। उक्त छात्र को ट्राइसकिल हेतु ब्लाक प्रमुख




संजय सिंह व उनके बड़े भाई धीरू सिंह से बात किया गया तो उन्होंने छात्र को ट्राइसकिल उपलब्ध करा दिया। ट्राइसाइकिल छात्र के अभिभावकों को बुलाकर कर दिया गया। इस अवसर पर राजेंद्र प्रताप यादव, दिनेश यादव, श्यामधर यादव, मंजू जैसवार, नेहा जायसवाल, गजाला बानो, मनोज कुमार, माधुरी देवी, श्याम बहादुर, शुभेंद्र सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## पिकअप से 3 गाय 1 बछिया व 1 बछड़ा पुलिस ने किया बरामद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध व अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जौनपुर के निर्देशन मे एवम् क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के कुशल पर्यवेक्षण मे पवांरा पुलिस ने गोकशी के लिए ले जाते समय पिकअप पर लदे पांच गोवंश बरामद करने में सफलता हासिल किया है। पवांरा थानाध्यक्ष राजनरायन चौरसिया मय हमराह पुलिस टीम के चेकिंग सदिग्ध वाहनों की चेकिंग के दौरान बधवा तिराहे के पास से एक पिकप वाहन में तीन गाय, एक बछिया, एक बछड़ा कुल 5 गोवंश को रस्सी से निर्दयता पूर्वक बांध कर गोकंशी हेतु ला जाते अभियुक्तगण प्रदीप यादव पुत्र ओम प्रकाश यादव निवासी उटरुकला, थाना बक्शा, जौनपुर, अमित सिंह पुत्र महेन्द्र प्रताप सिंह निवासी उटरुकला, थाना बक्शा, जौनपुर, आशीष मिश्रा पुत्र इच्छा राम मिश्रा निवासी चित्तौड़ी, थाना तेजीबाजार, जौनपुर को बीती रात करीब सवा दो बजे गिरफ्तार कर धारा 3/5।/8 गोवंश निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिय है। इस संबंध में एसओ राजनारायण चौरसिया ने बताया कि बरामद किए गए सभी गोवंशो को सतहरिया गोशाला को सुपुर्द कर दिया गया है। बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में राज नरायन चौरसिया थानाध्यक्ष पवारा, उ0नि0 मंजय यादव, हे0का0 सर्वेश सिंह, हे0का0 मनोज सिंह, हे0का0 सदानन्द यादव, का0 रणविजय यादव, का0 अनिल यादव, का0 भोलानाथ कन्नौजिया आदि शामिल रहे।

## ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य पूरा न होने पर किया प्रदर्शन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय थाना क्षेत्र के सुरेरी जगदीशपुर मार्ग पर विभाग दो वर्ष पहले गिट्टी गिरा कर उसे भूल गया। आलम यह है कि दो वर्षों से उक्त मार्ग पर गिट्टी फैला हुआ है और आए दिन उक्त सड़क पर चल रहे राहगीर गिट्टी के कारण गिरकर चोटिल हो रहे हैं। वही विभाग अनजान बना हुआ है। जिसकी शिकायत कई बार पूर्व ग्राम प्रधान सुभाष चंद्र गौतम द्वारा विभागीय अधिकारियों से की गई थी, लेकिन विभागीय अधिकारियों ने महज आश्वासन ही दिया। अधिकारियों के उदाशीनता से तंग आकर बुधवार की दोपहर ग्रामीणों ने उक्त मार्ग पर काफी संख्या में इकट्ठा होकर विभाग के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किए। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों का आरोप था कि दो वर्षों से यह रोड इसी तरह बदहाल स्थिति में पड़ी हुई है, कई बार विभाग के लोगों को रोड निर्माण के लिए कहा भी गया लेकिन उन्होंने एक न सुनी, जिससे आए दिन उक्त मार्ग पर चलने वाले राहगीरों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का आरोप है कि इसकी लिखित शिकायत कई बार विभागीय अधिकारियों से की गई लेकिन रोड का निर्माण नहीं हो सका। घंटो चले प्रदर्शन व कुछ संभ्रांत लोगों के समझाने के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ। प्रदर्शन सुरेरी ग्राम सभा के पूर्व प्रधान सुभाष चंद्र गौतम की अगुवाई में हुआ। प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से मीरा कुमारी, मालती देवी, गेंना, फूलदेई,कमला देवी, सुभाष चंद गौतम, रविंद्र कुमार, हवलदार, लालचंद, करिया, विनय कुमार, फौजदार, जोखु आदि लोग शामिल रहे। इस संदर्भ में पीडब्ल्यूडी विभाग के जेई राजेश पाल ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत मिली है जल्द ही रोड निर्माण कार्य चालू कराया जाएगा।

### रोडवेज बस ने दो युवकों को रौंदा : एक की मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के भुइंधरा गांव में बुधवार को रोडवेज बस ने बाइक सवार दो युवकों को रौंद दिया जिसमे एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा युवक घायल हो गया है जिसका इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र तारपट्टी गांव निवासी शिवम पांडेय (24) पुत्र अरुण कुमार पांडेय अपने मित्र कन्हैया दुबे पुत्र राकेश दुबे के साथ पल्सर बाइक से सुजानगंज की तरफ आ रहे थे विपरीत दिशा से जा रही रोडवेज बस ने बाइक सवार दोनों युवकों को रौंद दिया जिसमे शिवम पांडेय की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कन्हैया दुबे घायल हो गए। स्थानियों की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सुजानगंज में भर्ती कराया गया। मृतक के पिता ने अज्ञात चालक के खिलाफ तहरीर दी है। शिवम दो भाईयों में बड़ा था तथा एक दुकान पर काम करता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई में जुट गई।

## देशी खेलों को बढ़ावा देने की जरूरत – प्रो. निर्मला एस. मौर्य

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय पूर्वांचल विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों की 33 वीं अन्तर महाविद्यालयीय एथलेटिक्स (महिला एवं पुरूष) प्रतियोगिता 2022–23 का उद्घाटन समारोह बुधवार को एकलव्य स्टेडियम में हुआ। इस अवसर पर




कुलपति ने मशाल सौंपकर और गुब्बारा उड़ाकर खेला समारोह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि खेल से तन और मन दोनों स्वस्थ होता। उन्होंने कहा कि देशी खेलों को संरक्षित रखने और बढ़ावा देने की जरूरत है।ये खेल परंपरा में निहित हैं और हमारी सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है। कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि खेल को खेल भावना और मनोरंजन की दृष्टि से देखने की जरूरत है। हार जीत तो लगा रहता है। खिलाड़ी को अपनी फिटनेस और रियाज पर ध्यान दें। वित्त अधिकारी संजय कुमार राय ने टीम भावना के महत्त्व को रेखांकित किया। खेलकूद परिषद के अध्यक्ष प्रो. सुरेश कुमार पाठक ने कहा कि खेल टीम स्पिरिट और ईमानदारी के साथ होता है तो प्रतिद्वंदवी टीम भी खुश रहती है। खेलकूद परिषद के सचिव ओमप्रकाश सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर 1500 मीटर की दौड़ में पुरूष में मोहम्मद हसन के वैभव यादव, महिला में टीडी पीजी कालेज की भाविका कथूरिया प्रथम और गोला फेंक पुरुष में हडिया प्रयागराज के रूद्रनारायण पांडेय महिला में सीताराम महाविद्यालय आलपट्टी गाजीपुर की आंशिका यादव प्रथम स्थान पर रहीं। इस अवसर पर प्रो. अजय द्विवेदी, वीएन सिंह, सहायक कुलसचिव अजीत सिंह, अमृतलाल, दीपक सिंह, बबिता सिंह, प्रो. अविनाश पाथीडेकर, प्रो. बीडी शर्मा, प्रो. रजनीश भास्कर,डा. मनोज मिश्र, डा. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, तिवारी, डा. विनय वर्मा, रजनीश सिंह, डा. राजेश सिंह, अशोक सिंह, अरूण आदर्श, डा. पीके कौशिक, डा. इंद्रेश कुमार, सुशील प्रजापति आदि शामिल थे।

## तहसीलदार सगड़ी अवनीश ने अपने दल बल के साथ छापा मारकर सीज किया पेट्रोल पम्प

आजमगढ़ पत्रकार राजकुमार जायसवाल : स्थानीय बाजार के भारत पेट्रोल पंप के सुनिल आटो फ्युल पर बुद्धवार की सुबह तहसीलदार सगड़ी अवनीश ने अपने दल बल के साथ छापा मारकर पेट्रोल टंकी को सीज किया। जानकारी के अनुसार तहसीलदार सगड़ी व नायब तहसीलदार सगड़ी बुद्धवार की सुबह लगभग नौ बजे भारत पेट्रोल पंप बिलरियागंज पर आये। बकाया बिजली बिल लगभग डेढ़ लाख की आरसी। जिसकी चेतावनी लगभग एक सप्ताह पुर्व राजस्व बिभाग द्वारा दी गई थी। लेकिन पैसा नहीं जमा किया गया था और सरकारी कागजात पुर्ण न होने पर तहसीलदार ने कमरे का चाभी मांगा चेक करने के लिए लेकिन पेट्रोल पम्प के कैशियर ने नहीं दिया। जिससे तहसीलदार भड़क उठे और उसे पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने को कहा वहीं उसको छुड़ाने में एक व्यक्ति




और आया और पेट्रोल पंप का सहयोगी बताने लगा। जिसमें दो लोगो को गिरफ्तार कर लिया गया। और पेट्रोल पम्प सीज कर दिया गया ।जो बाजार में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक विकास भवन के सभागार में सम्पन्न हुई। मिजल्स रूबेला की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी एमओआईसी सक्रिय मोड़ पर रहे। यदि कोई मरीज मिलता है तो आइसोलेट करते हुए अच्छे से इलाज करे। आशा और एएनएम लोगों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि 07 से 20 जनवरी तक टीकाकरण कराया जा रहा है 0 से 5 वर्ष का कोई भी बच्चा छूटने न पाए। मुंबई से आने वाले लोगो की निगरानी की जाये और लक्षण मिलने पर त्वरित प्रभावी कार्यवाही की जाए। आयुष्मान कार्ड में प्रगति धीमी पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की और कोटेदार एवं पंचायत सहायक के समन्वयक से कार्य मे तेजी लाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि एचआईवी कीट एवं आवश्यक दवाएं सीएचसी एवं पीएचसी पर शत–प्रतिशत उपलब्ध रहे। जिलाधिकारी ने सीएमओं को निर्देश दिया कि अवैध पैथोलॉजी की जाँच में तेजी लाए और कमियां पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाए। उन्होंने बताया कि 11 से 31 दिसंबर तक नसबंदी पखवाड़ा चलाया जाएगा जिसमे प्रत्येक एमओआईसी के द्वारा 05 पुरूष एवं 200 महिलाओं की नसबंदी की जायेगी। बैठक में एचबीएनसी, एसएनसीयू, मंत्रा पोर्टल, कोल्ड चौन, वीएचएनडी सत्र आदि के विषय में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इसके उपरांत चिकित्सकों की उपलब्धता, हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर, दवाओं की उपलब्धता, एंबुलेंस की उपलब्धता के सम्बंध में विस्तार से चर्चा हुई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 लक्ष्मी सिंह सहित एमओआईसी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## संयम वफादारी एवं जागरूकता एड्स से बचाव के लिए जरूरी –प्रो. रमेश चंद्र सिंह

शाहगंज/जौनपुर पत्रकार धनन्जय विश्वकर्मा : गांधी स्मारक पीजी कॉलेज समोधपुर,जौनपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में 1 दिसंबर, 2022 को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर रमेश चंद्र सिंह की अध्यक्षता में एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इस संगोष्ठी में प्राचार्य प्रोफेसर रमेश चंद्र सिंह ने कहा कि संयम, वफादारी एवं जागरूकता से ही हम एड्स से बच सकते हैं।उन्होंने उपस्थित स्वयंसेवकों का आहवान किया कि अधिक से अधिक जागरूकता कार्यक्रम चलाकर लोगों को इस बीमारी के बारे में बताएं।प्रोफेसर अरविन्द कुमार सिंह ने एड्स के बारे में विस्तार से बताया। समन्वयक,राष्ट्रीय सेवा योजना, प्रोफेसर राकेश कुमार यादव ने भारत में एड्स प्रसार एवं सरकार द्वारा बचाव हेतु किये जा रहे उपायों के बारे में विस्तार से छात्रों को बताया।कार्यक्रम का संचालन डॉ लालमणि प्रजापति एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ आलोक प्रताप सिंह विसेन ने किया।इस अवसर पर डॉ अवधेश कुमार मिश्रा,डॉ पंकज सिंह, डॉ



नीलमणि सिंह,डॉ जितेंद्र सिंह,डॉ नीलम सिंह, डॉ विष्णुकांत त्रिपाठी,डॉ विकास कुमार यादव, डॉ जितेंद्र कुमार,डॉ नीलू सिंह, डॉ सत्यप्रकाश सिंह, डॉ रत्नेश प्रजापति कार्यालय अधीक्षक बिंद प्रताप सिंह, गंगा प्रसाद सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

## पीएच.डी. शोध के लिए आवेदन की तिथि 15 दिसंबर तक : सीसीटीवी की निगरानी में होगी डीआरसी की बैठक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर एवं संबद्ध महाविद्यालयों में पीएच.डी. शोध 2022 के अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र 1 दिसंबर 2022 से 15 दिसंबर तक समस्त निर्धारित प्रपत्रों की छाया प्रति के साथ संस्थानों से संबंधित विभागों में व्यक्तिगत रूप से या रजिस्टर्ड डाक से जमा कर सकते हैं। अभ्यर्थी एक से अधिक महाविद्यालयों/संस्थानों में आवेदन कर सकते हैं। शोध प्रवेश परीक्षा के निदेशक प्रोफेसर रमेश मणि त्रिपाठी कहा कि विश्वविद्यालय परिसर एवं संबंधित महाविद्यालयों द्वारा 24 दिसंबर 2022 तक अपने स्तर पर साक्षात्कार की प्रक्रिया डीआरसी द्वारा संपन्न करा दी जाए। इसके बाद विभागाध्यक्ष/ प्राचार्य अपने माध्यम से (अंशकालीन/ पूर्णकालिक पीएच.डी. ) समस्त प्रपत्र सहित शोध प्रस्ताव विश्वविद्यालय में 5 जनवरी 2023 तक कुलसचिव कार्यालय को प्रेषित करेंगे। संस्थानों में विभागवार गठित डीआरसी अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेकर अपनी संस्तुति विश्वविद्यालय में संबंधित विषय की आरडीसी (शोध उपाधि समिति) को अग्रसारित करेगीध। इसके साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा 6 जनवरी से 15 जनवरी 2023 तक आरडीसी की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। डा. मनीष कुमार गुप्ता ने बताया कि शोधार्थियों को प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय द्वारा शोध पत्र निर्गत किया जाएगा। समस्त संकाय अध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, प्राचार्य, शोध निर्देशक केवल विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित रोस्टर के अनुसार अभ्यर्थी का चयन करेंगे। इसके साथ ही आरक्षण के नियमों का कड़ाई से पालन भी करेंगे। समस्त डीआरसी की बैठक सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगी। इसकी ऑडियो एवं वीडियो रिकॉर्डिंग भी होगी। डीआरसी बैठक की कार्यवृत्त एवं समस्त व्यक्तियों की उपस्थिति विवरण हस्ताक्षर, तिथि एवं अधिमान्यता क्रम में मेरिट बना कर विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

### नहर में सफाई के दौरान टूटा पीपा का पुल : ग्रामीणों ने किया हंगामा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कस्बे के जौनपुर रोड पर शारदा सहायक खण्ड 36भीमपुर रजवाहा में सफाई के दौरान बुद्धवार को देर रात श्रवण कुमार मौर्या के घर के पास स्थित पीपा के पुल को पोपलेन के चालक ने तोड़ कर फेंक दिया! घटना को लेकर मौके पर सरोखनपुर गाँव के सौ से अधिक लोगों ने हंगामा खड़ा कर दिया! हंगामा खड़ा करने वाले अजय कुमार मौर्य , दिलीप जायसवाल,अखिलेश मौर्य, सुरेन्द्र शर्मा, मुन्नू यादव, श्रवण मौर्या, मिठाई लाल मौर्या, छोटेलाल मौर्या, लालबहादुर, आदि ग्रामीणों का आरोप है कि नहर में पानी कभी नहीं आता जब की साफ – सफाई प्रति वर्ष कराया जाता है! पानी न आने से किसान सिंचाई को लेकर परेशान रहते हैं! इधर विभाग ने उस पीपा पुल को भी तोड़ दिया जिससे तीन सौ घर के दो हजार से अधिक लोगों का आवागमन प्रति दिन रहता है! अब पीपा पुल टूटने से आवागमन की समस्या बन गयी है! समस्या को देखते ही किसी ने रात को ही विधायक रमेश चन्द्र मिश्र को जरिये मोबाइल फोन र इस बात की सूचना दिया! सूचना पाते ही विधायक मिश्र सदलबल मौके पर पहुंच गये! विधायक के पहुंचते ही ठेकेदार तथा पोपलेन चालक भाग खड़ा हुआ! विधायक मिश्र ने नहर में खड़ी पोपलेन को प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र सिंह से थाने भेजवाते हुए सिंचाई विभाग के अधिकारियों पर फटकार लगाते हुए जनमानस की समस्या को निस्तारित करने के लिए पीपा पुल पुनः बनवाए जाने के लिए कहा!

# इंटर कालेज के ऊपर से गुजरा था हाईटेंशन लाइन का तार : करंट लगने से छात्र की मौत

बाराबंकी ब्यूरो : बाराबंकी जिले के मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के जागृति इंटर कालेज में हाईटेंशन लाइन के टूटे पड़े तार के करंट की चपेट में आकर एक छात्र की मौत हो गई। पूरे मामले में पावर कॉर्पोरेशन की घोर लापरवाही उजागर हुई है। इसे लेकर अभिभावकों में आक्रोश है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कस्बा सूरतंगज में संचालित जागृति इंटर कालेज में के ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजरी है। इसी लाइन से स्कूल के बाहर एक खंभे के माध्यम से गांव में एलटी लाइन गई है। हाईटेंशन लाइन को हटाने के लिए कालेज प्रशासन ने कई बार पावर कॉर्पोरेशन से शिकायत भी की थी। बताते हैं कि बृहस्पतिवार को एलटी लाइन का तार टूट कर कालेज की बाउंड्री के पास लटका था। कालेज में कक्षा छह में पढ़ने वाला राजकुमार का पुत्र पवन कुमार देर से स्कूल पहुंचा था। प्रार्थना चल रही थी। वह बाउंड्री के बगल खड़ी एक साइकिल पर जाकर बैठ गया।



टूटा हुआ तार साइकिल से छू रहा था। इस दौरान अचानक बिजली आ गई तो पवन करंट की चपेट में आकर झुलस गया। आनन–फानन उसे जिला अस्पताल भेजा गया जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

# विवाह से पहले महत्वाकांक्षा और फिर अपेक्षाओं का दबाव : साल भर में दरक रही रिश्तों की नींव

लखनऊ ब्यूरो : वैवाहिक जीवन की शुरुआत से पहले की महत्वाकांक्षा और शादी के बाद इसी के अनुरूप अपेक्षाओं का दबाव रिश्तों में खटास पैदा कर रहा है। इससे विवाह के चंद दिनों बाद ही रिश्तों की डोर टूटने लगती है और नवयुगल आपसी तालमेल की दहलीज लांघ पारिवारिक न्यायालय, पारिवारिक परामर्श केंद्रों और यहां तक कि मनोवैज्ञानिकों के पास तक पहुंच रहा है। रोजाना ऐसे मामले काउंसलर्स के पास पहुंच रहे हैं। हालांकि, इसमें 60 फीसदी मामलों में लोगों की पहली कोशिश रिश्तों को बचाए रखने की ही होती है। चलिए, इस बदलाव को कुछ यूं समझते हैं केंद्रीय समाज कल्याण बोर्ड नई दिल्ली की ओर से विकासनगर में संचालित परिवार परामर्श केंद्र 'सुरक्षा' की काउंसलर छवि जैन कहती हैं कि वर्ष 2011–12 में कपूरथला में केंद्र की शुरुआत हुई थी। उस वक्त हमारा पूरा दिन समय काटते निकल जाता था। अब यह स्थिति है कि खाना तो दूर हमें चाय पीने तक की फुरसत नहीं मिलती। पति–पत्नी के बीच विवाद के रोजाना एक–दो नए मामले आते हैं। इसके साथ ही पुराने मामलों की काउंसलिंग चलती रहती है। यह सेंटर तो बानगी है, इसके अलावा महिला थाने में अलग सेल बनी हुई है, साथ ही 181 वन स्टाप सेंटर, सीबीसीआईडी, नारी शिक्षा निकेतन समेत कई अन्य केंद्र घरेलू झगड़ों का निपटारा करते हैं। जागरूकता से बढ़ी समझौते की कोशिश काउंसलर स्वर्णिमा सिंह कहती हैं कि विगत छह महीने में हमने ऐसे 56 मामलों का मामलों का निपटारा किया है और 42 परिवारों को टूटने से बचाया है। सेंटर पर ऐसे मामले बढ़ने का कारण ये है कि लोग किसी भी हालत में टूटते रिश्ते को बचाना चाहते हैं। इसीलिए काउंसलर्स की मदद लेते हैं। हालांकि, ये पहल लड़कियों की ओर से ज्यादा होती है। ये भी एक सच : साल भर में दरक रही रिश्तों की नींव मध्यम वर्ग तलाक नहीं सेपरेशन चाहता है संस्थापक सुरक्षा और पारिवारिक परामर्श की विशेषज्ञ शालिनी माथुर कहती हैं कि शादियों के तय होने से लेकर गठबंधन तक में कई बदलाव दिख रहे हैं। तय होते ही रिश्तों में कड़वाहट और फिर तलाक की रफ्तार तेज हुई है। उच्च वर्ग, मध्यम वर्ग और निम्न मध्यम वर्ग में रिश्तों को सुलझाने का आधार अलग है।181 वन स्टाप सेंटर में विगत छह महीने में 16 मामले ऐसे दर्ज हुए जो किसी भी कीमत पर तलाक चाहते हैं। इनमें एक साल के भीतर वाले मामले भी हैं। सेंटर प्रभारी अर्चना सिंह कहती हैं कि अधिकतम 4–5 साल शादी को हुए और विवाद इस कदर बढ़ा कि तलाक की अप्लीकेशन लगा दी। इनमें से 50 फीसदी मामलों में शादियां मैरिज ब्यूरो के जरिये तय हुई थीं। उच्च वर्ग के अभिभावक नहीं चाहते कि बेटी का तलाक हो, ऐसे में यदि तलाक हो जाता है तो बेटी को घर न ले जाकर कई और दूसरा मकान खरीद कर रहने के लिए दे देते हैं। – मध्यम वर्ग समझौते पर राजी नहीं होता, उसे सेपरेशन चाहिए होता है। – निम्न मध्यम वर्ग के अभिभावक लड़की को तुरंत ले जाते हैं, क्योंकि ये वो वर्ग होता है जो खुद कमाता–खाता है। – समझौते से पहले लड़कियां अपनी शर्तें रखती हैं, उसे पूरा करने पर ही मानती हैं।

# अखिलेश चन्द्र अटेवा मछलीशहर के नए संयोजक एवं महामंत्री बने अखिलेश कुमार यादव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : दिनाँक 01/12/2022 को शिव गोविंद महाविद्यालय के प्रांगण में अटेवा के जिला संयोजक चंदन सिंह जी के नेतृत्व में ब्लॉक इकाई मछलीशहर का गठन किया गया। चुनाव अधिकारी इंदुप्रकाश यादव जिला मीडिया प्रभारी व संदीप यादव संगठन मंत्री , चुनाव पर्यवेक्षक संदीप चौधरी जिला महामंत्री की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ ।जिसमें सर्वसम्मति से मछलीशहर ब्लॉक इकाई का संयोजक अखिलेश चन्द्र को व महामंत्री अखिलेश यादव को चुना गया । इसी क्रम में संरक्षक राकेश कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष चंद मौर्य ,उपाध्यक्ष सत्येन्द्र पटेल, कोषाध्यक्ष महेंद्र नाथ मौर्य, समोद कुमार गुप्ता प्रवक्ता , अशोक कन्नौजिया संयुक्त मंत्री , नितिन वर्मा सँगठनमंत्री, सार्जन कुमार मीडिया प्रभारी,जितेन्द्र यादव सोशल मीडिया प्रभारी, बृजभान सिंह मंत्री एवं बृजेश मौर्य तथा दिनेश बिन्द सदस्य कार्यकारिणी के पद पर चुने गए। जिला संयोजक चंदन सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन की बहाली को लेकर हम हमेशा आवाज बुलंद करते रहेंगे, पुरानी पेंशन बंद करके सरकार शिक्षकों के साथ बहुत बड़ा अन्याय कर रही है , ब्लॉक इकाई गठन होने के पश्चात शिक्षकों ने पुरानी पेंशन के




बहाली को लेकर नारा लगाया "हर जोर जुल्म की टक्कर में संघर्ष हमारा नारा है " इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष बक्सा लाल चन्द, मड़ियाहूं अध्यक्ष अरविन्द यादव, सिकरारा अध्यक्ष डॉ कृपानिधि यादव जिला संगठन मंत्री संदीप यादव ,नन्द लाल पुष्पक जिला सोसल मीडिया प्रभारी, अच्छे लाल यादव आदि शिक्षक कर्मचारियों ने पेंशन आंदोलन के पक्ष में अपने विचार रखे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कोषाध्यक्ष त्रिभुवन नाथ यादव ने तथा संचालन जिला जिला उपाध्यक्ष राजेश उपाध्याय ने किया ।अंत में अखिलेश चन्द ने सभी के प्रति आभार जताया।

# यूपी 112 में तैनात होमगार्डों को मिलेगा 150 अतिरिक्त मानदेय मिलेगा : शासनादेश जारी

लखनऊ ब्यूरो : यूपी 112 सेवा में वाहन चालक के रूप में तैनात होमगार्डों के लिए शानदार खबर है। योगी सरकार ने उनके कठिन चुनौतीपूर्ण कार्यों को देखते हुए हर होमगार्ड को उनके ड्यूटी भत्ते के अलावा 150 रुपये दैनिक मानदेय देने का निर्णय लिया है। होमगार्ड लंबे समय से इसकी आस लगाए हुए थे जिसे अब सरकार ने पूरा कर दिया है। जारी शासनादेश के मुताबिक प्रदेश स्तरीय पुलिस इमरजेन्सी प्रबंधन प्रणाली (पीईएमएस) यूपी 112 में वाहन चालक के रूप में नियोजित होने वाले होमगार्ड स्वयंसेवकों को ड्यूटी भत्ते के अतिरिक्त 150 रुपये मानदेय प्रतिदिन प्रदान किया जाएगा। यह भत्ता होमगार्ड के यूपी 112 में तैनाती की अवधि तक ही अनुमन्य होगा। इस संबंध में वित्त विभाग की स्वीकृति भी मिल गई है। बता दें कि करीब 8000 होमगार्ड यूपी 112 में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। अब इन सभी को ड्यूटी भत्ते



के अलावा हर दिन 150 रुपये अतिरिक्त मानदेय मिलेगा। यह भत्ता होमगार्ड के यूपी 112 में तैनाती की अवधि तक ही अनुमन्य होगा। इस संबंध में वित्त विभाग की स्वीकृति भी मिल गई है। बता दें कि करीब 8000 होमगार्ड यूपी 112 में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। अब इन सभी को ड्यूटी भत्ते के अलावा हर दिन 150 रुपये अतिरिक्त मानदेय मिलेगा।

# सड़क पर लाशों का ढेर : खून से रंग गई रोड़ : चारों तरफ मची चीख–पुकार

बहराइच ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में जरवलरोड थाना क्षेत्र के घाघराघाट रेलवे स्टेशन के पास बुधवार सुबह चार बजे बस को सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बस के परखच्चे उड़ गए। हादसे में ट्रक चालक समेत छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 15 लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल हुए पांच लोगों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया है। हादसे के बाद घटना स्थल पर कोहराम मच गया। हादसे का शिकार हुई रोडवेज बस आगरा ईदगाह डिपो की थी। यह रोडवेज बस जयपुर से लगभग 35–40 सवारियों को लेकर रुपईडीहा जा रही थी। बहराइच–लखनऊ हाईवे पर जरवल रोड थाना इलाके में घाघरा घाट के पास बुधवार सुबह यह हादसा हो गया। जैसे ही ट्रक ने टक्कर मारी एक जोरदार धमका हुआ गहरी नींद में सोए यात्रियों में चीख पुकार मच गई। धमाके के साथ आंख खुली तो चारों ओर मची चीखपुकार घाघराघाट में हुए भीषण हादसे को याद जख्मी लोग सिहर उठते हैं। पलक झपकते ही छह परिवारों ने अपनों को खो दिया और जिंदगी भर न भूलने वाला गम दे दिया। हादसे में गंभीर रुप से घायल हुए नेपाल राष्ट्र के सुरखेत निवासी दुर्गा(32) पुत्र यमलाल गुजरात में रहकर किचेन सेफ का कार्य करते हैं। दुर्गा ने बताया कि बुधवार को उनके दस वर्षीय बेटे भुवन का जन्मदिन था। बेटे को सरप्राइज देने के लिए उन्होंने जयपुर से रुपईडीहा के लिए डायरेक्ट बस पकड़ी थी लेकिन किसी को नहीं पता था, कि हादसे के चलते जन्मदिन की खुशियां गम में बदल जाएंगी। गंभीर घायल हुए श्रावस्ती जनपद के सोनवा थाना क्षेत्र के इसरा निवासी कन्हैयालाल(25) पुत्र इन्द्रप्रसाद ने बताया कि वह दिल्ली में रहकर राजगीर का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि काफी दिन से घर नहीं आए थे, इसलिए मंगलवार को पत्नी कृष्णा कुमारी व आठ माह के बेटे किशन के साथ घर के लिए निकले थे। वहीं मामूली रुप से घायल कन्हैया लाल की पत्नी कृष्ण कुमारी ने बताया कि हादसे के वक्त वह जग रही थी। उन्होंने बताया कि पलक झपकते ही बस में सब तहस–नहस हो गया। उनका आठ माह का मासूम छिटकर दूर गिरा। नेपाल के दमाली निवासी धनीराम(40) पुत्र दूबेराम ने बताया कि वह राजस्थान में चौकीदारी का काम करते हैं। उनके तीन बच्चे हैं और बच्चे बार–बार फोन कर घर बुला रहे थे। इसलिए वह 12 दिन की छुट्टी लेकर घर जा रहे थे। इसी दौरान हादसा हो गया। हादसे को लेकर उन्होंने बताया कि ऐसा लगा कि मानो बम फट गया हो। सूरत गुजरात में रहकर पिज्जा बनाने का काम रहे नेपाल के सुर्खेत निवासी विशाल(21) पुत्र पद्म ने बताया कि हादसे के वक्त वह सो रहे थे। धमाके के साथ जब आंख खुली तो चारों ओर चीख–पुकार मची थी। वहीं रामप्रकाश व अतुल विश्वास ने बताया कि बस सड़क की दूसरी पटरी पर थी और ट्रक ने इसी पटरी पर आकर टक्कर मार दी। हादसा इतना भयानक था कि सभी ने बचने की उम्मीद छोड़ दी थी। दो साल पहले हुई थी शादी, हादसे ने उजाड़ दिया सुहाग जरवलरोड थाना क्षेत्र में हुए भीषण सड़क हादसे ने कल्पना का सुहाग उजाड़ दिया। हादसे में पति के मौत की सूचना मिलते ही कल्पना अचेत होकर गिर गई। वहीं परिजनों का भी रो–रो कर बुरा हाल है। मृतक की मां भी थोड़ी–थोड़ी देर पर अचेत होकर गिर रही है। बौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत डोकरी के मरौचा निवासी विपिन शुक्ला (25) पुत्र अरूण शुक्ला गुजरात के एक मंदिर पर पूजन–अर्चना का काम करते थे। विपिन की अभी दो साल पहले ही कल्पना से शादी हुई थी।

# सड़क हादसे में तीन दोस्तों की मौत : रिश्तेदारी से घर लौट रहे थे तीनों बाइक सवार

अमरोहा ब्यूरो : अमरोहा का मंडी धनौरा थाना इलाके में देर रात शेरपुर मार्ग पर स्थित गांव खावडी के निकट एक तेज रफ्तार बाईक सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा टकराई। दुर्घटना में बाईक सवार तीनों दोस्तों की मौत हो गई। हादसे के बाद चीख पुकार की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। तीनों युवकों को धनौरा सीएचसी लाया गया। चिकित्सक ने तीनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने तीनों युवकों के शवों को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। तीनों युवक बिजनौर जनपद के चांदपुर इलाके के रहने वाले थे। जानकारी के मुताबिक जनपद बिजनौर के थाना चांदपुर इलाके के गांव सहानिया निवासी 38 वर्षीय सुभाष अपने दोस्त 40 वर्षीय मुन्नू और 42 वर्षीय संदीप उर्फ संजू को साथ लेकर बाइक से धनौरा थाना इलाके के गांव पत्थर कुटी स्थित अपनी रिश्तेदारी में आया था। यहां से तीनों दोस्त देर रात अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही इनकी बाईक शेरपुर मार्ग पर गांव खावडी के पास पहुंची।संतुलन बिगड़ने से सड़क किनारे खड़े पेड़ में जा टकराई। हादसे के बाद आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े और घटना की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों को धनौरा सीएचसी भिजवाया। जहां चिकित्सक ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। उधर घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन भी मौके पर आ गए। उधर जानकारी करने पर धनौरा थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि सड़क हादसे में बाईक सवार तीन युवकों की मौत



हुई है। तीनों के शवों को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। परिजनों व ग्रामीणों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप सड़क हादसे में घायल हुए तीनों युवकों को लेकर परिजन व ग्रामीण समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे। यहां इमरजेंसी में कोई चिकित्सक मौजूद ना मिलने पर परिजनों व ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। अस्पताल परिसर में हंगामा होता देख लेबर रूम में ड्यूटी कर रहे हैं चिकित्सक इमरजेंसी कक्ष की ओर दौड़े हंगामा कर रहे परिजनों को समझा–बुझाकर मामला शांत कराया। चांदपुर थाना क्षेत्र के गांव सहानिपुर के ग्राम प्रधान पिंकू ने आरोप लगाया कि जब वह सड़क हादसे में घायल तीनों युवकों को एंबुलेंस से सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे तो यहां कोई भी चिकित्सक मौजूद नहीं। यह देख घायल के परिजनों का ग्रामीणों का पारा चढ़ गया और उन्होंने जमकर हंगामा किया। सरकारी अस्पताल पर इमरजेंसी में चिकित्सक के मौजूद रहने व हंगामे के बारे में जानकारी करने पर चिकित्सक डॉ रमाशंकर ने बताया कि इमरजेंसी चिकित्सा अधीक्षक डॉ मनदीप सिंह की ड्यूटी थी। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक के मौजूद ना मिलने पर मृतक के परिजनों ने हंगामा किया था। शोर सुनकर चिकित्सक डॉ रमाशंकर मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझा–बुझाकर मामला शांत करा दिया गया। उधर ग्राम चांदपुर क्षेत्र के प्रधान ने चिकित्सकों की लापरवाही के संबंध में आला अधिकारियों को अवगत कराने की बात कही।

# तहसील स्तरीय दिव्यांग बच्चों की खेल प्रतियोगिता हुई सम्पन्न

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : कम्पोजिट विद्यालय सुदनीपुर के प्रांगण में तहसील स्तरीय दिव्यांग बच्चों की खेल प्रतियोगिता दिनाँक 30–11–2022 को आयोजित हुयी जिसका उद्घाटन खण्डशिक्षा अधिकारी मड़ियाहूँ डॉ अविनाश सिंह एवम खण्डशिक्षा अधिकारी रामनगर श्री अजीत कुमार सिंह तथा ग्रामप्रधान सुरेशचंद विश्वकर्मा द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में प्रधान अध्यापक शिव कुमार सरोज द्वारा खण्डशिक्षा अधिकारी मड़ियाहूँ को माल्यार्पण तथा बैज से अलंकृत कर स्वागत किया। खेल में मड़ियाहूं, बरसठी, रामनगर एवं रामपुर विकासखंड के दिव्यांग बच्चे जलेबी दौड़, चम्मच दौड़, केला दौड़, चॉकलेट मटर और बोरा दौड़ तथा सुलेख प्रतियोगिता में भाग लिया कार्यक्रम का कुशल संचालन लालबहादुर यादव सहायक अध्यापक पूर्व माध्यमिक विद्यालय सुदनीपुर द्वारा किया गया ।सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत श्री राजबहादुर यादव, राजमनी देवी एवं अफसरी बानो के निर्देशन में विद्यालय की बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत किया गया तथा जलपान व्यवस्था एवं खानपान अनुशासन स्काउट के बच्चों द्वारा किया गया। खेल के अंतर्गत केला दौड़ में राखी रामनगर प्रथम, हसन अली मड़ियाहूँ द्वितीय, बॉल–बेलेनशिंग शिल्पा – साधना मड़ियाहूँ प्रथम, आशीष हसन अली मड़ियाहूँ द्वितीय, 50 मीटर दौड़ हसन अली मड़ियाहूँ प्रथम, कार्तिकेय रामनगर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विभिन्न प्रतियोगिता मे सम्मिलित सभी प्रतिभागियों को उत्साह वर्धन हेतु प्रमाण पत्र– मैडल और टिफिन/प्लेट देकर खण्डशिक्षा अधिकारी द्वारा देकर



उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक शिवकुमार सरोज, ग्रामप्रधान सुरेश चंद विश्वकर्मा एवं आई टी शचीन्द्र मिश्र द्वारा अपने विचार व्यक्त किये गये। श्रीमती सुनीता कुशवाहा, रमाशंकर, शरद तिवारी बरसठी, राजेश भारती, कल्याण आनंद रामपुर तथा सीमा सिंह, रमेश मौर्य रामनगर ने खेल प्रक्रिया में निर्णायक भूमिका अदा की इस अवसर पर अच्छे लाल यादव प्रधानाध्यापक रामपुर खास तथा राजेंद्र प्रसाद यादव पूर्व माध्यमिक विद्यालय गुतवन ने अनुशासन व्यवस्था देखी। कम्पोजिट विद्यालय शुदनीपुर के ज्ञान प्रकाश मौर्य, भारती द्विवेदी, इम्तियाज अहमद, विजय बहादुर यादव, दिलीपचन्द्र पाल, संदीप कुमार मौर्य, पुष्पा यादव, सुभाष चंद्र यादव, विनोद कुमार यादव, संजय सिंह प्रधानाध्यापक प्रा०वि० शुदनीपुर,शैलेन्द्र कुमार कम्पोजिट विद्यालय सुरतासापुर एवं अन्य अभिभावक तथा गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रह कर सहयोग प्रदान किया। विजयी छात्र विश्वदिव्यांग दिवस 3 दिसंबर को जिला स्तरीय प्रतियोगिता बी एस ए कार्यालय डायट प्रांगण जौनपुर में भाग लेंगे।

# सरायमोहिउद्दीनपुर धान क्रय–केंद्र पर पहले दिन हुई 70 कुंतल खरीद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पीसीएफ द्वारा संचालित सरायमोहिउद्दीनपुर क्रय–केंद्र पर गुरुवार को 70 कुंतल धान की खरीद से शुभारंभ हुआ। इस दौरान वहां लगाई गई मशीन से धान की गुणवत्ता का परीक्षण भी किया गया। क्रय–केंद्र प्रभारी राजेंद्र प्रसाद मिश्र ने बताया कि इस बार 6 हजार कुंतल धान खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही इस बार साफ–सफाई व गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिसके लिए पहले धान को तौलकर उसे मशीन में डाल दिया जाता है। इसके बाद मशीन उक्त धान से धूल–मिट्टी व पइया आदि साफ कर देती है। जिसके बाद साफ धान को फिर से तौला जाता है और उसी आधार पर कटौती कर दी जाती है। उधर इस संबंध में कटघर गांव के किसान आलोक पांडेय का कहना है कि इतनी लागत व मेहनत से पैदा की गई फसल को बेचने में भी इतनी कठिनाई सामने आ रही है। क्रय–केंद्रों पर जिस प्रकार की मशीन लगाई गई है उससे तो धूल–मिट्टी तथा पइया की तो बात छोड़िए कमजोर धान भी उड़ जा रहा है। कुल मिलाकर हर जगह किसानों के लिए ही परेशानी खड़ी की जा रही है।

# व्यापारियों की समस्याओं का अभिलंब निवारण हो–राधेरमण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल सिटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र सिंह से मुलाकात करके निम्नलिखित विद्युत समस्या जो




पिछले 3 दिनों से 29 नवंबर 30 नवंबर एवं आज 1 दिसंबर तक शहर उत्तरी का कुछ एरिया पंजाबी मार्केट, ताडतला मार्केट के व्यापारियों को विद्युत आपूर्ति नहीं मिल पा रही है जिससे लगभग 300 से 400 तक व्यापारी प्रभावित है व्यापार करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है साथ ही साथ विद्युत आपूर्ति नहीं होने के कारण जन समुदाय में भी पानी और बिजली की समस्या उत्पन्न हो गई है नगर अध्यक्ष राधेरमण ने कहा कि व्यापार करने के लिए जो मूल समस्या है उसे अविलंब दूर किया जाए ताकि हमारे व्यापारियों को व्यापार करने में जो समस्या आ रही है उसका निदान हो सके प्रतिनिधिमंडल में नगर महामंत्री दक्षिणी मुन्ना लाल अग्रहरि महामंत्री उत्तरी मनोज कुमार साहू अमर जौहरी श्यामसुंदर मिगलानी संजय जाड़वानी सरदार तरनजीत सिंह मनीष सेठी सतीश अग्रहरि राकेश जायसवाल संतोष कुमार सत्य प्रकाश जायसवाल आदि व्यापारी गण उपस्थित रहे उपस्थित सभी व्यापारियों का आभार नगर महामंत्री मनोज कुमार साहू ने व्यक्त किया।

# तीन लाख की लूट के मामले में तीस घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र में नगरिया मोड़ पर मंगलवार सुबह साढ़े दस बजे जनसेवा केंद्र संचालक से हुई तीन लाख की लूट के मामले में पुलिस अधीक्षक के सख्त निर्देशों पर हुई ताबड़तोड़ छापेमारी के बाद भी तीस घंटे बाद भी पुलिस को सफलता नहीं मिल पाई है ।हालांकि कोतवाली शाहाबाद और मझिला पुलिस ने एक दर्जन से अधिक संदिग्धों को कोतवाली शाहाबाद और मझिला लाकर पूछताछ शुरू की है ।घटना के दूसरे दिन पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी सुबह ही शाहाबाद कोतवाली पहुंचे ।पुलिस अधीक्षक ने स्वयं संदिग्धों से घटना के बारे में जानकारी प्राप्त की ।सफलता की बढ़ते हुए खुद एस पी पुलिस के पूरे अमले के साथ क्षेत्र में कांबिंग करने पहुंचे ।लेकिन खबर लिखे जाने तक पुलिस किसी नतीजे पर पहुंचती नजर नहीं आई ।कोतवाली शाहाबाद में पुलिस अधीक्षक ने पत्रकारों को बताया कि घटना के हर बिंदु को गंभीरता से लेते हुए कार्यवाही की जा रही है जल्द ही घटना का पर्दाफाश किया जाएगा ।घटना के जल्द खुलासे के लिए शाहाबाद कोतवाली पुलिस शहर कोतवाली हरदोई पुलिस एस ओ जी क्राइम ब्रांच और एस टी एफ के जवानों को आठ टोलियों में विभाजित कर निर्देशित किया गया है ।मैं खुद पल पल की अपडेट ले रहा हूं ।जल्द ही घटना को अंजाम देने वालों को गिरफतार कर लिया जाएगा ।इधर कोतवाली शाहाबाद में उठाए गए संदिग्धों को छुड़ाने वालों की भीड़ भी कोतवाली के बाहर देखी गई ।हर कोई अपने सिफारिशी को फोन करता नजर आया।

सम्पादक मंडल
श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।